**सोमवार**
18 जुलाई 2022



पृष्ठ 4

**चेहरे से मेकअप को ढंग से हटाने के लिए अपनाएं ये टिप्स**



पृष्ठ 5

**एक बार फिर आर्या बनकर दर्शकों के बीच दस्तक देंगी सुष्मिता सेन!**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 162
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

संसार मे सर्वाधिक शक्ति युवावस्था और नारी के सौंदर्य में होती है।

– चाणक्य

# राष्ट्रपति चुनाव को हुआ मतदान







विशेष संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। देश के 15 वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए आज सभी राज्यों की विधानसभाओं और संसद भवन में मतदान हो रहा है। मतदान सुबह 10 बजे से 5 बजे तक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में तथा सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अपना वोट डाला। वोटों की गिनती 21 जुलाई को होगी तथा 25 जुलाई को देश को अपना नया राष्ट्रपति मिल जाएगा।

भाजपा और समस्त एनडीए ने आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को अपना प्रत्याशी बनाया है वही कांग्रेस का विपक्ष के प्रत्याशी के तौर पर यशवंत सिन्हा को अपना प्रत्याशी बनाया गया है। इस अवसर पर यशवंत सिन्हा ने इस चुनाव को लोकतंत्र की रक्षा के लिए अति महत्व का बताते हुए कहा कि विधायक और

**❑21 को मतगणना, 25 को होगा शपथ ग्रहण**
**❑मुर्मू की जीत पक्की, चुनाव सिर्फऔपचारिकः धामी**

सांसद अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अपना वोट करें।

उधर आज सुबह अपना वोट डालने से पूर्व सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह चुनाव महज एक औपचारिकता भर है एनडीए प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को भाजपा व सहयोगी दलों का ही नहीं बल्कि विपक्षी दलों का भी समर्थन मिल रहा है।

उत्तराखंड की 70 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायक भाजपा, 19 कांग्रेस व दो बसपा तथा दो निर्दलीय विधायक हैं। बसपा जो द्रौपदी मुर्मू को समर्थन की घोषणा कर चुकी है वहीं राज्य के दोनों निर्दलीय विधायक भी मुर्मू को समर्थन का ऐलान कर चुके हैं। इस तरह राज्य में 47 भाजपा व दो बसपा व दो निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है तथा उन्हें 70 में से 51 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। जिसके कारण उन्हें 60 फीसदी मत मिलना तय माना जा रहा है।

समाचार लिखे जाने तक 67 विधायक अपना वोट डाल चुके थे। भाजपा विधायक चंदन रामदास अस्वस्था के कारण वोट डालने नहीं पहुंचे थे। कांग्रेसी विधायक तिलकराज बेहड़ जो बीमार बताए गए हैं

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# उफनती नदी में गिरी बस, 15 की मौत



इंदौर। मध्य प्रदेश के खरगोन में मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर खलघाट के पास पुल से सोमवार को महाराष्ट्र की बस नदी में जा गिरी। इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। बस इंदौर से महाराष्ट्र के पुणे जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही धार और खरगोन का पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है। खरगोन से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी धर्मवीरसिंह भी पहुंचे हैं। नदी के बहाव में कई के बहने की आशंका है। मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। हादसे के बाद बस को क्रेन के द्वारा निकाल लिया गया है। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के वक्त लोगों को बचाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं थे। दो नावकों को लेकर कुछ स्थानीय नाविक और गोताखोर सबसे पहले पहुंचे, जिसके बाद पुलिस का अमला पहुंचा। जिस पुल पर यह हादसा हुआ वह दो जिलों की सीमा पर बना हुआ है। नर्मदा नदी पर बना संजय सेतू पुल धार और खरगोन जिले की सीमा पर बना हुआ है। इसमें उत्तर छोर धार और दक्षिणी हिस्सा खरगोन जिले में आता है।

# उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी जगदीप धनखड़ ने किया नामांकन

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए प्रत्याशी जगदीप धनखड़ ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। इसके लिए 6 अगस्त को मतदान होगा।

राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू पर दांव लगाने के बाद अब भाजपा और एनडीए ने उपराष्ट्रपति की कुर्सी पर अपना प्रत्याशी बैठाने का प्रयास शुरू कर दिया है। इसके लिए भाजपा ने राजस्थान के जाट नेता और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की



**❑विपक्ष ने मार्गरेट अल्वा को उतारा मैदान में, कल करेगी नामांकन**


मौजूदगी में आज जगदीप धनखड़ ने अपना नामांकन पत्र भर दिया है। इस चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी धनखड़ की जीत पक्की मानी जा जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए खुद भी प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बीजू जनता दल के नेता नवीन

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# एक दिन में सामने आए कोविड-19 के 16935 नए केस, 51 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में इजाफा हो रहा है। देश में बीते एक दिन में कोविड-19 के 17 हजार के करीब नए केस दर्ज हुए हैं। इसके साथ ही 161 दिनों में देश का डेली पॉजिटिविटी रेट 6 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। वहीं एक्टिव केस की संख्या एक लाख 44 हजार का आंकड़ा पार कर गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,935 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,37,67,534 हो गई। वहीं एक दिन में 51 और लोगों की मौत



के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,760 हो गई।

मंत्रालय के अपडेट के अनुसार, देश में कोविड-19 के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1,44,264 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.33 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 815 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के ठीक होने की नेशनल रेट 98.47 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, डेली पॉजिटिविटी रेट 6.48 प्रतिशत, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 4.58 प्रतिशत है। देश में अभी तक 86.96 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 2,61,470 लोगों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई। देश में अभी तक कुल 4,30,97,510 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से डेथ रेट 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 200 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कांग्रेस की अनूठी गांधीगिरी

उत्तराखंड कांग्रेस में आपसी खींचतान और गुटबाजी को खत्म करने का जो अनोखा तरीका प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने खोजा है वह अत्यंत ही हास्यापद है। एक दूसरे पर छींटाकशी और पार्टी के खिलाफ बयानबाजी करने वाले नेताओं को अब उनकी ही पार्टी के नेता उनके घर जाकर फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें आत्मग्लानि का एहसास कराएंगे। पार्टी में अनुशासनहीनता को रोकने और सार्वजनिक मंचों पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने वालों को अब कांग्रेस पार्टी आत्मा के आध्यात्म के जरिए सुधारेगी। सवाल यह है कि अगर राजनीति और नेताओं का आत्मबल इतना प्रखर और मजबूत होता तो आज क्या इस देश की सबसे पुरानी और मजबूत पार्टी की यह दुर्दशा हो रही होती? दूसरा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के नेताओं पर इस प्रयास का कोई फर्क पड़ेगा? यह सवाल इसलिए अहम है क्योंकि कांग्रेस के नेता जब खुद की भी कोई बात नहीं सुनते तो वह पार्टी के दूसरे नेताओं की बात क्या सुनेंगे। कांग्रेस के नेता जिसके भी घर इस गांधीगिरी के फूल लेकर पहुंचेंगे वह इन फूल देने वालों को सबसे पहले अपने विरोधियों की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर समझेगा। उसे आत्मग्लानि कितनी होगी, होगी भी या नहीं होगी अलग बात है लेकिन उसकी आत्मा उसे अपने अपमान का बदला लेने के लिए जरूर प्रेरित करेगी और जब भी उसे बदला लेने का मौका मिलेगा वह बदला लेने से कतई भी नहीं चूकेगा। राज्य गठन से लेकर आज तक तो कांग्रेस में यही होता रहा है। अगर ऐसा नहीं होता तो डॉ हरक सिंह क्या आज कांग्रेस का हिस्सा हो सकते थे? भले ही 2016 में कांग्रेस में हुए बड़े दल बदल का कारण पूर्व सीएम विजय बहुगुणा रहे हो लेकिन हरीश की सत्ता को ध राशाही करने और कांग्रेस को धूल में मिलाने के षड्यंत्र में हरक सिंह की क्या भूमिका रही थी? यह किसी से भी छिपा नहीं है। हरीश रावत के जिस स्टिंग ऑपरेशन ने कांग्रेस को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया था उसकी पटकथा किसने लिखी थी।

हास्यप्रद बात यह है कि हरीश रावत की लाख कोशिशें भी डॉ हरक सिंह को कांग्रेस में आने से नहीं रोक सकी। अब एक बार फिर डॉ हरक सिंह के इर्द-गिर्द घूम रही कांग्रेस की आंतरिक राजनीति के कारण कांग्रेस में कोहराम मचा हुआ है। जिसके डैमेज कंट्रोल के लिए प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव को बुलाना पड़ा। देवेंद्र यादव और करण माहरा के पास ऐसा कोई नुस्खा नहीं है जो कांग्रेसियों की आत्मा को झकझोर सके। उन्हें यह समझा सके की अब तो दुर्दशा की इंतेहा हो चुकी है अब तो कांग्रेस के नेताओं को यह समझ आ जाना चाहिए कि अगर कांग्रेस नहीं रहेगी तो उनका भी कोई वजूद शेष नहीं बचने वाला है। आधे कांग्रेसी नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा व आप के साथ जा चुके हैं जो बचे हैं उनमें से भी जो जाना चाहते हैं वह चले जाए लेकिन जो शेष बच जाए वह तो कम से कम कांग्रेस के हो कर रहे। तभी कांग्रेस का उद्धार संभव है।

# अनुशासन, सेवा भाव और परोपकार को बढ़ावा देने में भारत स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिकाः राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को भारत स्काउट गाइड की स्टेट चीफ कमीश्नर सीमा जौनसारी के नेतृत्व में भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को स्काउट गाइड का बैज लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान कोविड में स्काउट एवं गाइड द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि अनुशासन, सेवा भाव और परोपकार को बढ़ावा देने में भारत स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी सहायक है। उन्होंने कहा स्काउट गाइड द्वारा देश के छात्र-छात्राओं के चरित्र निर्माण और उन्हें देश के सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों को स्काउट एवं गाइड से जोडे जाने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में सेवाभाव एवं अनुशासन की भावना जागृत होगी।



राज्यपाल ने कहा कि स्काउट एंड गाइड युवाओं के संपूर्ण शारीरिक व बौद्धिक विकास में योगदान दे रहा है। यह विद्यार्थियों में छिपे गुणों को उभारने में मदद करता है तथा बहुआयामी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

स्टेट चीफ कमीश्नर ने स्काउट एंड गाइड के क्रियाकलापों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए चुनौतियों से भी अवगत कराया। राज्यपाल ने भारत स्काउट एंड गाइड्स को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव रविंद्र मोहन काला, कोषाध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, वीरेंद्र सिंह रावत, राहुल प्रसाद रतूड़ी उपस्थित रहे।

## मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू ग्राम निवासी सचिन सेमवाल ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से लाडपुर आया था उसने अपनी मोटरसाईकिल चौक पर खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मुख्यमंत्री ने फुटबाल खिलाड़ियों को किया सम्मानित



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नेशनल खेलो मास्टर्स गेम्स की स्वर्ण और काँस्य पदक विजेता फुटबाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित नेशनल खेलो मास्टर्स गेम्स का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में 30 अप्रैल से 3 मई तक किया गया। जिसमे उत्तराखंड की 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 50 वर्ष आयु वर्ग की फुटबाल टीम ने प्रतिभाग किया गया था।

देहरादून फुटबॉल एकेडमी के संस्थापक एवं हेड कोच, खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलों इंडिया, फिट इंडिया का अभियान युवाओं को प्रेरित कर रहा है।

खेलो इंडिया, फिट इंडिया अभियान के क्रम में खेलो मास्टर्स गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## डीएम ने आपदा से हुए नुकसान की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने आपदा प्रबंधन की बैठक लेते हुए आपदा से हुए नुकसान की समीक्षा की और सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।

बीआरओ तथा एनएचआईडीसीएल को संवेदनशीन स्थानों पर अतिरिक्त मशीने तथा साइनेज लगाने के निर्देश दिए। लामबगड में पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा जो सडकें बंद हैं उनको जल्द से जल्द खोलने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। साथ ही कहा कि जिन विभागों के आवश्यक संसाधनों की कमी है वे तत्काल सूचना दें। जल संस्थान को मौके की स्थिति के हिसाब से वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देष दिए। वहीं एनपीसीसी के अधि कारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिश जारी करने के निर्देश दिए।

आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी ने बताया कि 15 जून से अब तक 4 लोगों की मृत्यु हुई है। जिले की 33 सड़के आज बंद हैं वहीं जल संस्थान की 51 पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हुई थी जो आज सुचारू हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, डीएफओ बद्रीनाथ रमाकान्त तिवारी, एसपी श्वेता चौबे, संयुक्त मजिस्ट्रेट अभिनव शाह, प्रभारी सीएमओ उमा रावत सहित सभी संबंधित विभागों विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

त्रयः कृण्वन्ति भुवनेषु रेतस्त्रिस्रः प्रजा आर्या ज्योतिरग्राः।
त्रयो घर्मास उषसं सचन्ते सर्वाँ इत्ताँ अनु विदुर्वसिष्ठाः।।

(ऋग्वेद ७-३३-७)

तीनों लोकों में अग्नि, वायु और सूर्य, शक्ति का निर्माण करते हैं। उत्तम गुण, कर्म और स्वभाव वाली प्रजायें आर्य कहलाती है। तीन प्रकार की अग्नि, ताप, प्रकाश और विद्युत, उषा की सेवा करती हैं। प्रबुद्ध विद्वान इन सब के बारे में जानते हैं।

In the three Lokas, Agni, air, and the sun constitute power. People with noble virtues, deeds, and nature are called Aryans. Three types of Agni-heat, light, and electricity serve dawn. Enlightened scholars know about all this. (Rig Ved 7-33-7)

## शिवभक्तों को असुविधा से बचाने में सहयोग करेगी श्री महाकाल सेवा समिति

हमारे संवाददाता

देहरादून। पवित्र श्रावण मास लगने के साथ ही सभी शिवालयों में शिव भक्तों का आवागमन शुरू हो गया है।

'श्री महाकाल सेवा समिति रजि.' के अध्यक्ष रोशन राणा ने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार के दिन शहर के प्रमुख शिवालयो में अत्यधिक संख्या में शिव भक्त और कांवडिये हरिद्वार से कांवड़ लेकर महादेव का अभिषेक करने अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालयो में पहुचते है, इसके मद्देनजर 'श्री महाकाल सेवा समिति' के सदस्यों द्वारा टपकेशवर महादेव मंदिर में सेनिटाईजिंग की गई और आगे भी अपने-अपने क्षेत्रो के शिवालय की साफ सफाई सेनिटाईजेशन करेंगे और कोविड के नियमों का अनुसरण करने के लिए व पंक्तिबद्ध तरीके से चलने और अन्य असुविधाओ से बचाने का प्रयास और मंदिर प्रबंधन का सहयोग भी करेगे।

# सिटिजनस फार क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस ने किया वृहद वृक्षारोपण



संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक पर्व हरेला पर सिटिजनस फार क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस , प्रेम नगर द्वारा वृहद वृक्षारोपण । उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक पर्व हरेला के अवसर पर सिटीजन्स फार क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस प्रेम नगर द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर एवं छावनी परिषद देहरादून के कर्मचारियों के आवासीय परिसर के सामने वाले मैदान में वृहद स्तर पर पोधा रोपण अभियान चलाया ।

वृक्षारोपण के इस अभियान में केंट देहरादून क्षेत्र की माननीया विधायक श्रीमति सविता कपूर जी मुख्य अतिथि थी । विधायक महोदया श्रीमति सविता कपूर जी ने जामुन , पिलखन , आंवला इत्यादि पेड़ रोपित कर इस मानसून सत्र के प्रथम अभियान का शुभारंभ किया । इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 वृक्ष रोपित किए गए । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार, आर . के . हांडा , उपाध्यक्ष , आलोक आहूजा , सचिव , राजेश बाली, कोषाध्यक्ष , अनुराग शर्मा , मीडिया प्रभारी सुभाष जसोरिया , महासचिव, राजेश भाटिया , संरक्षक, संदीप भाटिया, संदीप मेंहदीरत्ता, यशपाल बहल, नरेन्द्र खत्री, उदय दत्ता, विरेन्द्र कुमार , जीवन झा, रंजीत फोगाट तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी उपस्थित थे ।

# एक किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता




देहरादून। पुलिस ने एक किलो गांजे के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मायाकुण्ड के पास स्थित शुलभ शौचालय के समीप एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गटो देवी पुत्री विजय निवासी मायाकुण्ड बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# शराब के साथ चार गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने सिमकॉन चौक के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 52 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम ऋषिपाल पुत्र बनवारी निवासी राजावाला बताया। वहीं रायपुर थाना पुलिस ने मंदाकिनी विहार के पास से एक को 58 पव्वों के साथ तथा प्रेमनगर पुलिस ने डंपिग ग्राउण्ड के पास से एक को 54 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया। दोनों ने अपने नाम अर्जुन पुत्र प्रमोद निवासी आईटी पार्क व सागर पुत्र सुन्दर सिंह निवासी अबींवाला बसंत विहार बताया। इसके साथ ही कैण्ट कोतवाली पुलिस ने बिन्दाल नदी के पास से एक को 52 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम आकाश पुत्र राजकुमार निवासी ईदगाह बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भंडारण के साथ पहाड़ी संस्कृति, कला के अभिन्न अंग हैं 'कुठार'

●लोकेन्द्र सिंह बिष्ट



अपने पहाड़ की मजबूत संस्कृति की एक बहुत ही अनूठी, दुर्लभतम, अजब गजब बेमिसाल, नायाब, अदभुत, अकल्पनीय, अविश्वसनीय संस्कृति है कुठार।

आज आपको बताते हैं कुठार यानी (गोदाम) के बारे में। जिसमें पहाड़ के लोग सदियों से अपनी उपज अनाज को रखते आये हैं। जिसमें नाज धान, गेंहू, कोदा, झंगोरा, मंडुवा, चौलाई, दालें, घी, तेल, चीनी व रोजमर्रा के जरूरत की हर बस्तु रखी जाती हैं और यहां तक अपने सोने चांदी के अमूल्य वेशकीमती गहने तगादे यानी आभूषण भी इसी में सुरक्षित रखते थे।

अभी हाल में मैं अपने मामाकोट यमुनाघाटी के नगाणगांव में गया। वहां आज भी एक से बढ़कर एक कुठार सही सलामत मौजूद हैं। अमूमन पहाड़ों में एक कुठार (एक स्ट्रक्चर) में एक या दो कुठार ही होते हैं। लेकिन यहां पर एक ही कुठार में (एक ही स्ट्रक्चर में) तीन तीन कुठारों का अदभुत निर्माण किया हुआ है जो आज भी मौजूद हैं। गजब की अदभुत अनूठी तकनीकी के साथ लकड़ियों पर नक्काशीदार कलाकारी उकेरी हुई।

मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि आज भी दुनियाभर के उम्दा इंजीनियरिंग कॉलेजों से पढ़ाई कर निकले बड़े से बड़े इंजीनियर (आर्किटेक्ट) पहाड़ों में बने इस तरह के कुठार व पंचपुरे भवनों के निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते जो आज से सदियों पूर्व हमारे बुजुर्गों, कारीगरों मिस्त्रियों ने बिना शिक्षा दीक्षा व बिना स्कूली ज्ञान के इस तरह के अदभुत, अकल्पनीय, दुर्लभ अविश्वसनीय पंचपुरे व कुठारों का निर्माण उस शदी में कर दिया।

आपको बताते चलें कि इन कुठारों के निर्माण में पूरी तरह से सौ फीसदी लकड़ियों का ही इस्तेमाल होता है वो भी देवदार की लकड़ी का। जिसके चलते इन देवदार की लकड़ी से बने कुठार में भंडारण किये अनाज की खराब होने की संभावना न के बराबर होती है। ये कुठार कोल्डस्टोरेज का भी काम करते हैं।

कुठार जो कि मुख्यत: देवदार की लकड़ी के ही बने होते हैं और ये कुठार भंडारण के साथ हमारी पहाड़ी संस्कृति और कला व कलाकारी के अभिन्न अंग भी हैं। ये दिखने में जितने अदभुत व आकर्षक होते हैं उतने ही अकल्पनीय व अविश्वसनीय भी। आज भी खेती बाड़ी से पैदा हुए अन्नपाणी जैसे धान, गेहूं,कोदा, झंगोरा, कौणी, चिणा, जौ पहाड़ी दालें जैसे कि राजमा, उड़द, तोर, गहथ आदि सभी फसलों व खाने पीने की बस्तुओं को रखने व भंडारण की एकमात्र जगह कुठार ही हुवा करते हैं।

कुठार समृद्धि का भी प्रतीक होते हैं।

सामान्यत: कुठार घरों के सामने ही बने होते हैं बीच मे खलियान (खल्याण) ताकि इस पर नजर बनी रहे। कुठार से लेकर आवासीय भवन मकान तक एक लोहे की जंजीर खिंची हुई होती है और जंजीर पर लटकाये रहते हैं बड़ी बड़ी घंटियां या जिन्हें पहाड़ी भाषा मे घण्डोले कहते हैं और जंजीर का एक सिरा कुठार के दरवाजे से बँधा व दूसरा मकान से। कुठार के मुख्य दरवाजे पर किसी तरह छेड़छाड़ से जंजीर के हिलने से घंटियां बज उठती और मालिक चौकन्ना और चोर भाग खड़ा। ये सब व्यवस्था आज भी मौजूद हैं।

भंडारण की प्रयाप्त क्षमता के साथ हर अन्न के लिए अलग अलग खाने (गाँजे) बने होते हैं। समूचे पहाड़ खासकर समूचे उत्तरकाशी और रवांई-जौनपुर में स्थानीय कला के ये बेजोड़ नमूने हैं इसके आगे के हिस्सों पर नक्काशी दार विभिन्न आकृतियां बनी हुई होती है जो कुठार की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं।

कुठार का दरवाजा छोटा-सा होता है लेकिन इसकी सुरक्षा के उपाय भी नायाब व अदभुत होते हैं। इसके दरवाजों पर अंदर की तरफ से ताला एक विशेष तकनीकी से लगाया जाता है जिसकी चाभी भी लोहे की होती है करीब तीन फीट लंबी। ये चाभी किसी को मिल भी जाय तो अंदर की तरफ से लगे ताले को खोलना सबके बूते की बात नहीं।बाहर से तो ताला लगा ही होता है। जंजीर अलग से बंधी होती है।

यानी सुरक्षा के तीन तीन घेरे होते हैं कुठार के। इसमें भंडारण का जो तरीका हमारे बुजुर्गों ने ईजाद किया है वो आज के बड़े से बड़े इंजीनियर भी नहीं कर पाए हैं।

एक बात और, अपने घर गांव में ये कुठार बातचीत करने के भी केंद्र बिंदु होते हैं। इन्ही कुठारों के पास लोग बैठकर गपशप करते हैं। आज अदभुत, नायाब, बेमिसाल, अकल्पनीय, अविश्वसनीय तकनीकी से निर्मित इन दुर्लभतम कुठारों के संरक्षण की अति आवश्यकता है।

# रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्र किया

कार्यालय संवाददाता




देहरादून। शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था महाकाल के भक्त, हिन्दू युवा वाहिनी, हेल्पिंग हैंड द्वारा संयुक्त भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर किया गया जिसमें रक्तदानियों ने 75 यूनिट रक्त एकत्रित कर श्री महंत इंद्रेश ब्लड बैंक को सौंपा।

सामाजिक क्षेत्र में अपने रचनात्मक कार्यो से शहर में अपनी अमिट छाप छोड़ने में महाकाल के भक्त संस्था अग्रणी हैं संस्था के अध्यक्ष अंकुर जैन ने पहले ही आह्वाहन किया कि संस्था में सभी वर्ग के कल्याण,सेवा,समपर्ण को महत्ता दी जाएगी ओर अन्य संस्था के सहयोग से जनसेवा जारी रहेगी वही संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी अपनी टीम के साथ इस रक्तदान को सफल बनाने के लिए लगातार आमजन से संपर्क कर उनको रक्तदान के लिए जागरूक कर रहे हैं।

हिन्दू युवा वाहिनी के अध्यक्ष और इस कार्यक्रम के अयोजक गोविंद वाधवा ओर गीता साहनी भी लगतार जनसंपर्क कर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट लगे रहे जिसका परिणाम यह हैं कि सफल कार्यक्रम कर 75 यूनिट रक्त एकत्रित की आज के इस कार्यक्रम में पृथ्वीनाथ मंदिर सेवा दल ने अपने प्रांगण में हुए रक्तदान शिविर में सहयोग किया कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू युवा वाहिनी अध्यक्ष गोविंद वाधवा जी का जन्मदिवस भी हर्षउल्लास से मनाया गया।

इस कार्यक्रम में महाकाल के भक्त संस्था से नवेन्दु चौहान,अंकुर मल्होत्रा, हर्ष सूरी,जीतू खत्री,गौरव तोमर, पुनीत मेहरा, मनी ढींगरा,मुकुल बहल,वैभव अग्रवाल, आलोक अग्रवाल,अखिल अग्रवाल, हिन्दू युवा वाहिनी से मीनू डीदान, संजय रौतेला,रोशनी चंदेल,गीता साहनी,भाग्यश्री भट्ट,सुमित सिंघल,वरिष्ठ समाजसेवी व मार्गदर्शक संजय गर्ग,नवीन गुप्ता,दीपक मित्तल, अंबेडकर मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता, हिन्दू रक्षा दल ललित शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री राजकुमार पुरोहित, कांग्रेसी नेता लालचंद शर्मा इंद्रेश ब्लड बैंक से अमित चंद्रा,मोहित चावला एवं उनकी टीम उपस्थित रहे। विशेष आकर्षण के तौर पर युवा पीढ़ी को रक्तदान के लिए जागरूक करने को महाकाल के भक्त सदस्य आलोक अग्रवाल ने प्रत्येक रक्तदानी को एयरटेल सिम जिसमें 299 के रिचार्ज मुफ्त देने की घोषणा की।



# पूर्व राज्यमंत्री मकवाना 9वीं बार निर्विरोध बने मोर्चा के अध्यक्ष

संवाददाता

देहरादून। पूर्व राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना के 9वीं बार राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर उनका भव्य स्वागत हुआ।

पूर्व राज्यमंत्री भागवत प्रसाद मकवाना को राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा का 9वी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। रायपुर स्थित सुंदरवाला में रायपुर बाल्मीकि प्रधान ग्रुप ने मकवाना का पगड़ी एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व मकवाना ने हरेला पर्व के क्रम में देश एवं प्रदेश वासियों को हरेला पर्व की बधाई देते हुए वृक्षारोपण किया और ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की अपील की।

मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि मोर्चा की स्थापना 26 जनवरी 1998 को देहरादून स्थित शिवाजी धर्मशाला में हुई थी। तभी मोर्चा लगातार देश के सभी राज्यों में तेजी से विस्तार कर रहा है और यह संगठन जाति विशेष का न होकर सर्व समाज को साथ लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि मोर्चा की माँग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यावरन मित्रों के मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी 500 प्रतिदिन कर सम्मान दिया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक एवं रायपुर बाल्मीकि प्रधान ग्रुप की अध्यक्ष अनिका क्षेत्री ने संगठन के साथ मकवाना को पगड़ी पहनाकर एवं फूल मलाओं से भव्य स्वागत किया।

मोर्चा के प्रदेश प्रमुख महामंत्री मदन बाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी विनोद घाघट, प्रदेश महामंत्री राजीव राजौरी ने भी अपने विचार प्रकट किये। सम्मान समारोह में जया देवी, रितेश देवी, मयंक मिश्रा, दीपक,अनिल, अंकित, सौरभ ध्यानी आदि उपस्थित रहे।

# युवक और महिला मंगल दलों ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान



कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। हरेला पर्व के मौके विकास खंड मुख्यालय सहित विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतों में युवक और महिला मंगल दलों के सदस्यों ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपक मेहता ने पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण आवश्यक बताया और लगाये गये पौधों का संरक्षण करने की अपील की।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जेआर टम्टा, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप महरा, युवक मंगल दल अध्यक्ष योगेश महरा, धीरज जोशी,निशा पंत, दीक्षा कार्की,संगीता, प्रदीप बोरा, जितेंद्र, पंकज, ममता, रेनू, भावना, रेखा, पायल, मुन्नी सहित आदि मौजूद थे। नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# चेहरे से मेकअप को ढंग से हटाने के लिए अपनाएं ये टिप्स



आपके लिए मेकअप करने का कारण भले ही कुछ भी हो, रात को सोने से पहले इसे हटाना बहुत ही महत्वपूर्ण स्किन केयर स्टेप है। दरअसल, अगर आप चेहरे से मेकअप हटाकर नहीं सोते हैं तो इस वजह से आपको रूखेपन, मुहांसे, झाइयां और झुर्रियों जैसी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसी टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने चेहरे से मेकअप को अच्छे से हटा सकते हैं।

अपने चेहरे को दो बार साफ करें

यह एक कोरियन ब्यूटी टिप है, जिसमें मेकअप को प्रभावी ढंग से हटाने के लिए चेहरे को दो बार साफ करना होता है। इसके लिए सबसे पहले माईसैलर वॉटर या फिर नारियल के तेल या बादाम के तेल को चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से मले, फिर कॉटन पैड को चेहरे पर फेरे। इसके बाद एक हल्के फोमिंग क्लींजर का इस्तेमाल करके अपने चेहरे को साफ करें। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट होगा।

अपने चेहरे को दो बार साफ करने के बाद स्टीम लेना भी बेहतर है। इससे आपके रोमछिद्र ढीले हो जाएंगे और उसमें से सभी जिद्दी मेकअप प्रोडक्ट्स और गंदगी आसानी से निकल जाएगी। स्टीम के लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में गर्म पानी लें, उसके नजदीक अपना चेहरा लेकर आएं, फिर अपने सिर को एक तौलिए से ढक लें ताकि स्टीम चेहरे पर लगे। कम से कम 5-10 मिनट तक अपने चेहरे पर स्टीम करें।

अगर आपको पलकों से मस्कारा हटाने में दिक्कत हो तो उस समय अपने पुराने मस्कारा वैंड या स्पूली ब्रश का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले स्पूली ब्रश को अच्छी तरह से पानी से धोएं, फिर इससे अपनी पलकों से मस्कारा हटाने के लिए इसका इस्तेमाल करें। मस्कारा को ढंग से साफ करने के लिए अपनी पलकों को कुछ क्लींजिंग ऑयल लगाएं, फिर स्पूली ब्रश से मस्कारा को हटाएं। इसके बाद अपने चेहरे को फोमिंग क्लींजर से साफ लें।

हेयरलाइन साफ करने के लिए सबसे पहले अपने बालों की पोनीटेल बनाएं और एक हेडबैंड से आगे के बालों को पीछे करें। इसके बाद हेयरलाइन के आस-पास जमा हुए मेकअप को साफ करने के लिए एक कॉटन पैड को क्रीम बेस्ड मेकअप रिमूवर से भिगोएं, फिर उसे हल्के हाथों से हेयरलाइन पर फेरें। वहीं, लिपस्टिक साफ करने के लिए नारियल के तेल से भीगे कॉटन पैड को होंठो पर हल्के हाथों से फेरे। कॉटन पैड का इस्तेमाल करके वाटरप्रूफ आईलाइनर और काजल को हटाना मुश्किल हो सकता है। इसलिए अपनी आंखों से काजल और आईलाइनर को हटाने के लिए कॉटन बड या क्यू-टिप का इस्तेमाल करें और इसे किसी मेकअप रिमूवर में डुबोएं। इसके बाद इससे अपनी आंखें साफ करके अपने चेहरे को धोएं। इसके बाद अपने चेहरे पर एक लाइट मॉइश्चराइजर लगाकर सो जाएं।(आरएनएस)

# रोमियो एस3 से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी पलक तिवारी

टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते दिनों रिपोर्ट्स में बताया गया था कि पलक तिवारी जल्द ही सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली उर्फ भाईजान से इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। ऐसे में अब जो अपडेट सामने आया है उसके अनुसार कभी ईद कभी दिवाली से पहले पलक तिवारी के साथ एक बड़ी फिल्म लग गई है। बताया जा रहा है कि पलक तिवारी जल्द ही ठाकुर अनूप सिंह के साथ फिल्म रोमियोएस3 में दिखाई देंगी।

प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, पलक तिवारी इन दोनों फिल्मों में अलग-अलग अवतार में नजर आएंगी। पलक उन फिल्मों में काम करना चाहती हैं, जिनमें उनकी परफोर्मेंस को महत्व दिया जाए। मेकर्स रोमियोएस3 की रिलीज डेट फाइनल करने पर काम कर रहे हैं। पलक के फैंस उन्हें इस फिल्म में लीड रोल में देखने के लिए बेताब हैं। रोमियोएस3 तमिल फिल्म एस3 उर्फ सिंघम 3 का हिंदी रीमेक है, जिसमें सूर्या, अनुष्का शेट्टी और श्रुति हासन ने अभिनय किया है। गुड्डू धनोआ ने एस 3 के हिंदी रीमेक का निर्देशन किया था। रोमियोएस3 से डायरेक्टर लगभग 15 साल बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रहे हैं। गुड्डू धनोआ ने शाहरुख खान की पहली फिल्म दीवाना का निर्माण किया था। उन्होंने आखिरी बार सनी देओल और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत फिल्म बिग ब्रदर (2007) का निर्देशन किया था।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -94

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## लाल सिंह चड्ढा में आमिर के साथ काम करने को लेकर गितिका गंजू धर ने की बात

लोकप्रिय टीवी होस्ट और अभिनेता गीतिका गंजू धर, जिन्हें आखिरी बार सुष्मिता सेन अभिनीत आर्या 2 में देखा गया था, अब आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा के कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसमें आमिर खान के साथ करीना कपूर मुख्य भूमिका में हैं।

गीतिका ने इस फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किया, सबसे पहले, जब मुझे ऑडिशन के लिए कॉल आया, तो मैं सुखद रूप से उत्सुक थी। जब मुझे कलाकारों के एक हिस्से के रूप में पुष्टि की गई, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। जब मैंने शूटिंग शुरू की तो मैंने उत्पादन के निष्पादन से सुपर प्रभावित थी।

यह एक बहुत ही पेशेवर माहौल था जिसमें हर कोई एक विश्व स्तरीय फिल्म को फिल्माने के लिए तैयार थाउन्होंने कहा, निर्माण के हर पहलू का विवरण अनुकरणीय था। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे करियर का पहला फिल्म अनुभव आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ है। लाल सिंह चड्ढा में जादू का इंजेक्शन लगाने के लिए हर किसी को कड़ी मेहनत करते हुए देखना प्रेरणादायक और प्यारा था। आमिर खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने पर, वह टिप्पणी करती हैं, जब कयामत से कयामत तक रिलीज हुई थी तब मैं आमिर खान की बहुत बड़ी प्रशंसक थी, मैंने उन्हें यह बताया। ठीक है, आमिर के साथ काम करने का अनुभव अनमोल था। मैंने देखा, मैंने सीखा और मैं एक अभिनेता के रूप में उनके दृष्टिकोण के लिए प्रशंसा से भरा था। वह जुनून से भरे हुए हैं और फिल्म के बड़े दृष्टिकोण का अनुवाद करने के अपने प्रयास में अथक हैं।टेलीविजन पर गीतिका द्वारा होस्ट किए जाने वाले कुछ लोकप्रिय शो में मेरी सहेली, जायके का सफर, सेहत की रसोई और चित्रहार शामिल हैं।

## एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे पवन कल्याण और साई धरम तेज

टॉलीवुड के मेगा परिवार के दो स्टार पवन कल्याण और साई धरम तेज एक साथ समुथिरखानी की तमिल फिल्म विनोध्या सीथम में दिखाई देंगे, जो कथित तौर पर तेलुगु में बनाई जा रही है। सूत्रों की मानें तो, फिल्म में साई धर्म तेज और उनके चाचा पवन कल्याण मुख्य भूमिकाओं में होंगे। विनोदया सीथम का आधिकारिक तेलुगु रीमेक 12 जुलाई से इसका नियमित प्रोडक्शन शुरू हो गया।

जहां समुथिरकानी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, वहीं अला वैकुंठपुरमु लू के निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास मल्टी-स्टारर के लिए पटकथा और संवादों को कलमबद्ध करेंगे। फिल्म को एक प्रसिद्ध तेलुगु प्रोडक्शन कंपनी पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा, जिसमें विवेक कुचिभोटला निर्माता के रूप में काम करेंगे। पवन कल्याण को आखिरी बार राणा दग्गुबाती के साथ भीमला नायक में देखा गया था। पवन कल्याण आगे कई सारे प्रोजेक्ट में व्यस्त रहने वाले हैं और अभिनेता अब कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, साई धरम तेज के पास आगे भी कुछ अच्छी फिल्में हैं। (आरएनएस)

## गुमराह में पुलिस की भूमिका के लिए मृणाल ठाकुर ने की कड़ी मेहनत

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आगामी थ्रिलर फिल्म गुमराह में एक उग्र पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी और इस किरदार की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। मृणाल ने कहा, एक प्रतिबद्ध पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए, मुझे व्यापक शारीरिक प्रशिक्षण से जरना पड़ा।प्रशिक्षित एथलीटों के साथ दौड़ने के दौरान शरीर की संरचना को बनाए रखने के लिए शारीरिक रूप से प्रशिक्षित होने से लेकर विभिन्न प्रकार की बंदूकों को संभालने तक मैंने एक पुलिस वाले के सार को अनुकूलित करने के लिए सब कुछ करने की कोशिश की है। भूमिका की तैयारी के लिए उन्होंने बल की कुछ महिला पुलिसकर्मियों से बात करना और उनके साथ समय बिताना भी शामिल किया ताकि उनकी दुनिया को एक बेहतर लेंस के माध्यम से समझा जा सके।मृणाल को आखिरी बार पारिवारिक क्रिकेट ड्रामा, जर्सी में शाहिद कपूर के साथ देखा गया था, जो वर्तमान में नेटफ्लिक्स पर चल रही है।

## 22 जुलाई को रिलीज होगी हंसिका की महा

निदेशक यू.आर. जमील की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर महा, जिसमें अभिनेत्री हंसिका मोटवानी मुख्य भूमिका में हैं, आखिरकार 22 जुलाई को स्क्रीन पर आएगी, इसके निर्माताओं ने घोषणा की।

काफी लंबे समय से रिलीज का इंतजार कर रही इस फिल्म ने दो कारणों से उद्योग के अंदरूनी सूत्रों और फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा की है।

पहली यह कि फिल्म हंसिका की 50वीं फिल्म है और दूसरी यह कि फिल्म में अभिनेता सिलंबरासन ने एक भूमिका निभाई है।

महा मलिक स्ट्रीम्स कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित है, जो मलेशिया में स्थित एक उत्पादन और वितरण कंपनी है।

फिल्म, जिसमें घिबरन का संगीत है, छायांकन जे लक्ष्मण ने की है और संपादन जॉन अब्राहम ने किया है।

यूआर जमील के साथ, फिल्म को अंजू विजय द्वारा सह-निर्देशित किया गया है और इसे एक मनोरंजक थ्रिलर माना जाता है। (आरएनएस)

## तारक मेहता में दयाबेन बनकर एंट्री करेंगी ऐश्वर्या सखुजा ?





तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन का किरदार निभाकर अभिनेत्री दिशा वकानी ने अपार शोहरत बटोरी। अक्सर शो में दिशा की वापसी की खबरें सुर्खियां बटोरती हैं। दिशा हाल में दूसरी बार मां बनी हैं और उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है। अब चर्चाओं का बाजार गर्म है कि मेकर्स ने दयाबेन के कैरेक्टर को वापस लाने का मन बना लिया है। खबरों की मानें तो अभिनेत्री ऐश्वर्या सखुजा शो में दयाबेन की जगह ले सकती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, तारक मेहता में दयाबेन के किरदार के लिए अभिनेत्री सखुजा के नाम पर विचार किया गया है। एक सूत्र ने कहा, सखुजा उन अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्हें दयाबेन के किरदार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। उन्होंने जाहिर तौर पर लुक टेस्ट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। मेकर्स को एक ऐसी अभिनेत्री की तलाश थी, जो दयाबेन के किरदार को सहजता से अदा कर सके।

सूत्र ने बताया कि मेकर्स को लगता है कि इस किरदार के लिए सखुजा मुफीद हैं। उम्मीद है कि वह जल्द ही इस शो को साइन कर लेंगी। हालांकि, इस संबंध में मेकर्स ने कोई घोषणा नहीं की है।

सखुजा का जन्म तमिलनाडु के वेलिंग्टन शहर में हुआ था। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। सखुजा ने 2010 में रिश्ता डॉट कॉम से टीवी पर बतौर अभिनेत्री अपना डेब्यू किया था।

फिर 2011 में आई फिल्म यू आर माय जान में वह रोमांटिक अंदाज में नजर आई थीं। उन्हें ये हैं चाहतें, साराभाई वर्सेज साराभाई और सास बिना ससुराल जैसे शोज में देखा गया है। इंस्टाग्राम पर वह अपने फैंस से रूबरू होती रहती हैं।

दयाबेन के अलावा भी शो के कई किरदारों को वापस लाने की तैयारी चल रही है। हाल ही में निर्माताओं ने अभिनेता किरण भट्ट को नए नट्टू काका के रूप में दर्शकों के समक्ष पेश किया। बता दें कि नट्टू काका का किरदार निभाने वाले अभिनेता घनश्याम नायक का निधन पिछले साल ही हो गया था। कैंसर के कारण वह इस दुनिया को अलविदा कह गए। मेकर्स को शैलेश लोढ़ा और राज अनादकट के किरदारों को भी वापस लाना होगा।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा सोनी सब चैनल पर प्रसारित होने वाला एक लोकप्रिय शो रहा है। इसका पहला एपिसोड 28 जुलाई, 2008 को प्रसारित हुआ था। 2008 से अभी तक करीब 13 सालों तक यह शो दर्शकों को गुदगुदाता आ रहा है। दिलचस्प है कि इस शो के हर एक किरदार ने लोगों को प्रभावित किया है। यह शो एक फैमिली कॉमेडी पर आधारित है।

## एक बार फिर आर्या बनकर दर्शकों के बीच दस्तक देंगी सुष्मिता सेन!



बॉलीवुड इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने वेब सीरीज आर्या से अपना डिजिटल डेब्यू किया था। पहले सीजन की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स इसका दूसरा सीजन लेकर आए। दोनों ही सीजंस को दर्शकों की ओर से खूब प्यार मिला। सुष्मिता सेन के फैंस उन्हें एक बार फिर एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। फिल्ममेकर आर माधवानी ने कन्फर्म कर दिया है कि वो आर्या 3 के साथ एक बार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देंगे।

डच ड्रामा सीरीज पेनोजा पर आधारित क्राइम थ्रिलर आर्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक माफिया गिरोह में शामिल हो जाती है और अपने पति की हत्या का बदला लेने के लिए एक डॉन में बदल जाती है। शो की लीड एक्ट्रेस सुषमिता सेन ने कहा, आर्या सरीन के लिए यह एक नई सुबह है और वह निडर है। सीजन 3 में वह जगह-जगह जा रही है और पास्ट में आई हर बाधाओं से मुक्त होकर अपनी कहानी शुरू कर रही है।

सुष्मिता ने आगे साझा किया कि अपनी भूमिका को फिर से निभाना और राम माधवानी के साथ काम करना कैसा है, आर्या की भूमिका को फिर से करना पुरानी जींस कैरी करके नई यात्रा पर निकलने जैसा है।

राम माधवानी के साथ एक बार फिर काम करना अच्छा है और दर्शकों ने आर्या पर जो प्यार और सराहना बरसाई है उसे लौटाने का और इंतजार नहीं कर सकती हूं। आर्या सीजन 3 जल्द ही डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगा। इसमें चंद्रचूर सिंह, सिकंदर खेर, अंकुर भाटिया और विकास कुमार भी शामिल हैं। ये सीरीज राम माधवानी फिल्म्स के बैनर तले बने जा रही है। वैसे आप आर्या 3 के लिए कितने उत्साहित हैं? इस बारे में आप अपनी राय हमें कमेंट के जरिए भी दे सकते हैं।

## ज्योति सक्सेना का यह रूप देखकर आप भी हो जायेंगे हैरान

ज्योति सक्सेना जब भी सोशल मीडिया पर अपनी दिलकश तस्वीरें शेयर करती हैं तो वह हमेशा सुर्खियों में छा जाती हैं।ज्योति सक्सेना, जो वेब प्लेटफॉर्म की एक्टिव यूजर हैं, उन्होंने हमें अपनी सुंदरता पर दीवाना बना दिया है क्योंकि अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह तस्वीरें साझा की हैं।

इन तस्वीरों में हम अभिनेत्री को सफेद साटन की बेडशीट में अपने हॉट लुक्स और टोंड फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए देख सकते है। अभिनेत्री ने अपने इस फोटोशूट दौरान लिए गए फोटोज से अपने चाहनेवालो के दिलो मे आग लगा दी है। अभिनेत्री ने अपनी उमस भरी तस्वीर से सुर्खियां बटोर ली हैं जो आपको उनकी शानदार और कातिलाना अदाओ पर मदहोश कर देगी।

ज्योति सक्सेना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह एक बिस्तर पर लेटे हुए पोज कर रही है। और जिस तरह से उन्होंने पोज़ दिया है, वह निश्चित ही काफी उमस भरा है। अभिनेत्री एक सफ़ेद सैटिन बेडशीट से खुद को ढके हुए नजर आती है। अपने क्लेवाज को दिखते हुए अपने टोंड फिगर को फ्लॉन्ट करती हैं। वह उन भूरी आँखों को कम से कम मेकअप के साथ परफेक्ट विंग आईलाइनर और उसके नीचे काजल लगा अपने चाहनेवालो से आखो के इशारो मै बात करती हुई परफेक्ट न्यूड लिप शेडऔर ग्लॉस ने उनका मेकअप पूरा किया। बालों की बात करें तो उन्होंने साइड पार्टींग के साथ सॉफ्ट कर्ल्स में उन्हें खुला रखा और उन ब्लॉन्ड हाइलाइट्स ने लुक में एक परफेक्ट ग्लैम जोड़ा। वह अपनी मनमोहक तस्वीर से हमारा दिल जीत रही है। उनकी इस सिजलिंग इमेज के आप अनदेखा नहीं कर सकते। ज्योति सक्सेना इस लुक में बेहद हॉट और दिलकश लग रही है । उन्हें इस कामुक अवतार में देखकर, प्रशंसक उनपे प्यार बरसाना नहीं रुका सकते। ये अविश्वसनीय रूप से बेहद हॉट फोटो निश्चित रूप से आपके दिल को झकझोर देंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो ज्योति सक्सेना जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। आधिकारिक घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

# श्रीलंका में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता एवं आर्थिक संकट

विकाशकुमार

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य अस्थिरता के आयामों से गुजर रहा है । यह अस्थिरता ( राजनैतिक , सैन्य , आर्थिक और सामाजिक ) किसी भी प्रकार की ठोस संरचना गढ़ने में असफल भी प्रतीत हो रही है । बीते कुछ वर्षों में कुछ देशों की सामरिक रणनीतियाँ तो सुदृढ़ ( व्यक्तिगत ) हो रही है ,परंतु वह सार्वजनिक निकायों में प्रासंगिक न होकर बहुधुरीय व्यवस्थाओं में हैजिमनी स्थापित करने का प्रयास कर रहीं हैं । श्रीलंका में भी उभरते आर्थिक संकटों के परिणामस्वरूप राजनैतिक अस्थिता का नया उभार जनाक्रोश के रूप में दिख रहा है । लोग राष्ट्रपति भवन (गोटयाबा राजपक्षे तत्कालीन राष्ट्रपति ) में विरोध करते हुए प्रवेश कर गए । जानकारियों के मुताविक करोड़ों रुपये के करेंसी ( नकद ) मिली है । वहाँ के चुनाव में चयनित प्रधानमंत्री (महिंदा राजपक्षे ) सैन्य सहायता से देश पारागमान कर गए है । यद्यपि वहाँ ऐसी समस्याएं कई महीनों से बनी हुयी थी जिससे विदेशी मुद्रा के अभाव के कारण वहां के नागरिकों को बुनियादी ( दैनिक जीवन से संबंधित ) वस्तुएं तक नहीं मिल पा रहीं थी कि वह अपना गुजारा कर सके । मंहगायी का पैमाना बहुत बढ़ चुका था कि लोग उसकी आयदगी करके आवश्यक वस्तुवों का क्रय नहीं कर सकते थे । श्रीलंका आर्थिक तंगी से जूझ रहा है कई आंकड़ों की माने आज श्रीलंका पर पचास अरब डॉलर के बाहरी क़र्ज़ का बोझ है, जिसका सबसे बड़ा हिस्सा (लगभग 47 प्रतिशत) बाज़ार से अंतरराष्ट्रीय सरकारी बॉन्ड के ज़रिए लिया गया है । साथ कई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से भी व्यापक कर्ज लिया हुआ है उसके पास महज़ 2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा है, जिससे बमुश्किल दो महीने के आयात का ख़र्च पूरा हो सकता है। परंतु सम्पूर्ण खर्च का निर्वहन नहीं हो सकता है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है की वहाँ आंदोलन और विरोध बहुत पहले से चल रहा है तब सरकार का इस ओर ध्यान क्यों नहीं गया ? क्या सरकार जनाक्रोश और अराजक रवैया का इंतजार कर रही थी ? क्या सरकार के वित्तीय सलाहकारों और अन्य एजेंसियों ने अवगत नहीं कराया होगा ? और क्या सरकार इससे अवगत नहीं थी तब समाधान क्यों नहीं ढूंढा गया । विकल्प की



खोज क्यों नहीं की गई ? ऐसे में कई प्रश्न उठाए जा सकते है परंतु समस्या इससे आगे बढ़ गई है । वहाँ लगातार विदेशी शक्तियों का हस्तक्षेप बढ़ रहा है और महाशक्तियाँ सदैव अस्थिरता बनाने का माहौल बनती , क्योंकि इससे इन्हे अपनी शर्तों पर वहाँ के संसाधनों के दोहन का अवसर मिल जाता है । यदि इस तथ्य की पुष्टि करते हुए चीन का उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है क्योंकि अकेले 5-8 अरब डॉलर के बीच चीन का कर्ज है। यदि थिंक टैंक यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज के द्वारा दी गई जानकारी का संकलन प्रस्तुत करे तो श्रीलंका को इस साल कुल 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का कर्ज चुकाना है, जिसमें जुलाई में मेच्योर होने वाला 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सॉवरेन बॉन्ड भी शामिल है। इतना ही नहीं श्रीलंका ने आर्थिक संकट के चलते अपनी जमीन के पट्टे और बंदरगाह भी उसे लीज में प्रदान कर दिया है जिससे उसके विदेशी मुद्रा का स्रोत सीमित हो गया है । जैसे इसका सबसे बाद उदाहरण हंबनटोटा बंदरगाह है। कई मामलों में तो श्रीलंका ने निवेश के बदले में चीन को पट्टे पर अपनी ज़मीनें ही दे दी हैं- मिसाल के तौर पर कोलंबो के पोर्ट सिटी प्रोजेक्ट में चीन ने 1.4 अरब डॉलर के निवेश के बदले में १०० हेक्टेयर ज़मीन हासिल की है । यही कई कारणों से चीन का हस्तक्षेप बहुत बढ़ गया । कोरोना महामारी के चलते वहाँ पर्यटकों की संख्या भी बहुत काम हुयी है , परंतु इस संख्या के काम होने का कारण वहाँ की डोमेस्टिक पॉलिसी भी है । जैसे कोलंबो के विभिन्न गिरिजाघरों में अप्रैल, २०१९ में हुई ईस्टर बम विस्फोटों की घटना में 253 लोग तो हताहत हुए ही, इसके परिणामस्वरूप देश में पर्यटकों की संख्या में तेज़ी से गिरावट आई जिससे उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी असर पड़ा। यही कारण है की पर्यटन उद्योग से कमाई बेहद कम (२०१८ में 4 अरब डॉलर से घटकर २०२१ में 15 करोड़ डॉलर) ही रह गई और इससे श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार भी ख़ाली हो गया. हालांकि, इस संकट की नींव तो बहुत पहले से रखी जा रही थी. साल २००९ से २०१8 के दौरान श्रीलंका का व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया। हाल के वर्षों में कई नीतिगत क़दमों की वजह से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को कई और झटकों का भी सामना करना पड़ा है. जैसे कि- टैक्स में भारी कटौती, ब्याज दरों में कमी और फर्टिलाइज़र व कीटनाशक के आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर एक झटके में ऑर्गेनिक खेती के तबाही लाने वाले फ़ैसले, जो राजपक्षे सरकार ने लिया जिससे वहाँ के खाद्य उत्पादन में भारी गिरावट आयी । इन सभी गतिविधियों के चलते वहाँ आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ । ऐसे में भारत ने कई आधारों पर श्रीलंका को सहायता पहुंचायी है , परंतु वह पर्याप्त नहीं है । भारत को चाहिए की ऐसे में श्रीलंका को यथोचित सहायता करे, क्योंकि चीन की गतिविधियों को वहाँ रोकने के लिए यह कदम आवश्यक हो जाता है । इस कदम से वहाँ के नागरिक समाज का रुख भारत के प्रति बढ़ेगा और सॉफ्ट पावर विकसित हो सकेगा । क्योंकि भारत के जलमार्ग के लिए वहां के कई बंदरगाह और जमीन ए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। भारत की व्यापारिक वस्तुएं अभी भी समुद्री मार्ग से होकर आती हैं यदि चीन का यहां हस्तक्षेप अधिक बढ़ता है तो भारत के लिए एक नवीन समस्या उत्पन्न हो सकती है।

*(लेखक-केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर है राजनीति विज्ञान में गोलड मेडलिस्ट है )*

## जैकलीन ने 'विक्रांत रोणा' के हिट गाने 'रकम्मा' के लिए 15 दिनों तक किया था रिहर्सल

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने अपनी आने वाली फिल्म 'विक्रांत रोणा' के गाना रकम्मा के लिए 15 दिन तक रिहर्सल किया। कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप जल्द ही अपनी पैन-इंडिया मेगा वेंचर फिल्म 'विक्रांत रोणा' लेकर आ रहे हैं। 'विक्रांत रोणा' से जैकलीन फर्नांडीस ने कन्नड़ सिनेमा में कदम रख दिया है।

इसमें जैकलिन गेस्ट रोल में हैं, लेकिन फिल्म से उनका गाना रकम्माज् सुर्खियां बटोर रहा है। इस गाने में जैकलीन फर्नांडिस और किच्चा की केमस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही हैं।

जैकलीन ने अपने गाने को लेकर कहा, कलाकार के लिए उसका हर गाना दिल के करीब होता है। किक फिल्म में जुम्मे की रात हैज् गाने से लेकर अब तक आत्मविश्वास बढ़ा है। फिल्म विक्रांत रोणा में मेरा किरदार निडर है, उसके मुताबिक सोचकर ही मैंने फिल्म में डांस किया है। डांस स्टेप्स मुश्किल थे, जिसके लिए 15 दिन रिहर्सल किया था। इस फिल्म के गाने की शूटिंग कोरोना की दूसरी लहर के बाद की गई थी। सेट पर सुरक्षा का पूरा खयाल रखा गया था। शूटिंग शुरू होने से लेकर पैकअप होने तक हर किसी के चेहरे पर एक मुस्कान होती थी।

गौरतलब है कि 'विक्रांत रोणा' में किच्चा सुदीप और जैकलीन फर्नांडीज के अलावा निरुप भंडारी और नीता अशोक भी हैं। वहीं फिल्म को जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत किया गया है और जैक मंजूनाथ ने अपने प्रोडक्शन शालिनी आर्ट्स के तहत इसे निर्मित किया है और इनवेनियो ओरिजिन्स के अलंकार पांडियन द्वारा सह-निर्मित है।

## सू- दोकू क्र.94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन से ऐश्वर्या राय का लुक आया सामने


निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में ऐश्वर्या राय का लुक निर्माताओं ने जारी कर दिया है। इससे पहले इस बहुचूचत फिल्म से आदित्य करिकालन के रूप में विक्रम का लुक जारी किया गया था। मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज के साथ फिल्म का निर्माण कर रही लाइका प्रोडक्शंस ने फिल्म में ऐश्वर्या राय की पहली तस्वीर को ट्वीट किया और कहा, प्रतिशोध का एक सुंदर चेहरा है! पझुवूर की रानी नंदिनी से मिलें !फिल्म जिसका पहला भाग इस साल ३० सितंबर को रिलीज होगा, पांच भाषाओं तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी।

यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेलवन पर आधारित है। मणिरत्नम द्वारा अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाली यह फिल्म देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी। फिल्म में अपने प्रत्येक विभाग के लिए बेहतरीन बिजनेस हैंडलिंग है। ए आर रहमान इस महाकाव्य ऐतिहासिक के लिए संगीत दे रहे हैं और छायांकन रवि वर्मन द्वारा किया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कला निर्देशक थोट्टा थरानी प्रोडक्शन डिजाइन के प्रभारी हैं जबकि मणिरत्नम के विश्वसनीय संपादक श्रीकर प्रसाद संपादक हैं। (आरएनएस)

## रूस ने साधा मकसद

लिसिचांस्क शहर पर कब्जे कोव्लादीमीर पुतिन अपनी जीत बताएंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को अपने अनुमान से कहीं ज्यादा वक्त और शक्ति लगानी पड़ी।



रूस ने यूक्रेन में अपनी सैनिक कार्रवाई का एक प्रमुख मकसद हासिल कर लिया है। लुहांस्क इलाके में स्थित लिसिचांस्क शहर पर कब्जा होने के साथ ही अब पूरा दोनबास इलाके उसके नियंत्रण में है। लुहांस्क इलाके में यह आखिरी बड़ा शहर है, जहां अब तक यूक्रेनी सेना का कब्जा था। तो अब व्यावहारिक रूप में पूरे दोनबास इलाके पर रूस का नियंत्रण है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन इसे अपनी जीत के रूप में पेश करेंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को उससे कहीं ज्यादा वक्त लगा, जितनी पुतिन का अंदाजा रहा होगा। दोनबास क्षेत्र कोयला और स्टील उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है। जाहिर है, यहां कब्जा रूस की बड़ी रणनीतिक जीत है। इसके अलावा अब समझा जाता है कि दोनबास इलाके के हाथ से निकलने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेन्स्की पर रूस से बातचीत करने और उसकी शर्तों के मुताबिक समझौता करने का दबाव बढ़ेगा। रूस का कहना है कि अगर यूक्रेन ये शर्त मान ले, तो युद्ध खत्म होने का रास्ता निकल आएगा। अब जेलेन्स्की इसके लिए तैयार नहीं हैं। लेकिन बदले हालात में वे क्या सोचते हैं, इस पर दुनिया की नजर रहेगी।

बहरहाल, रूस ने अपने दो लक्ष्य हासिल कर लिए हैँ। 24 फरवरी को यूक्रेन में अपनी 'विशेष सैनिक कार्रवाई' की शुरुआत से पहले पुतिन तीन उद्देश्य बताए थे। उन्होंने कहा था कि दोनबास इलाके को यूक्रेन से मुक्त कराना, यूक्रेन में नाजी विचारधारा वाले गुटों का सफाया, और यूक्रेन को इस बात पर मजबूर करना कि वह नाटो का सदस्य ना बने, इस कार्रवाई का उद्देश्य होगा। ऐसी राय रही है कि यूक्रेन का मारियापोल शहर नाजी संगठनों का गढ़ था। वहां पहले ही रूसी सेना अपना कब्जा जमा चुकी है। तो कहा जा सकता है कि सैनिक कार्रवाई के दो मकसद रूस ने पूरे कर लिए हैँ। फिर भी यह याद रहेगा कि यूक्रेन की सेना ने लुहांस्क के कई मोर्चों पर लंबी लड़ाई लड़ी। रूसी सेना के आगे ऐसा करना आसान नहीं था। अंततः अपेक्षा के मुताबिक उसे पराजित होना पड़ा। अब यह देखने की बात होगी कि इसके बाद क्या जल्द युद्ध की समाप्ति का कोई रास्ता निकलता है?( आरएनएस)

# जैन मन्दिर में हुई भव्य वर्षायोग मंगल कलश स्थापना

संवाददाता

देहरादून। परम पूज्य गिरनार पीठाधीश कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न श्री समर्पण सागर जी महाराज का मंगल वर्षायोग 2022 श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, जैन भवन, गांधी रोड पर आयोजित किया गया। आज यहां देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में परम पूज्य गिरनार पीठाधीश कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न श्री समर्पण सागर महाराज का मंगल वर्षायोग 2022 निर्मल समर्पण वर्षायोग श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, जैन भवन ,गांधी रोड पर आयोजित किया गया। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर मे विराजमान परम पूज्य गिरनार गौरव समाधिस्थ आचार्य 108 श्री निर्मलसागर जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य पीठाधीश, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के वर्षायोग 2022 के मंगल कलश स्थापना का भव्य कार्यक्रम जैन भवन प्रिंस चौक पर सम्पन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी को श्रीफल अर्पित कर गुरु आज्ञा के साथ पूज्य श्री का मंच पर आगमन के साथ मंगलाचरण अलका जैन एवं उनके साथियो के द्वारा प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात् चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन कमशः पार्श्व पद्मावती तीर्थ धाम एवं माजरा जैन मन्दिर के पदाधि कारीयों द्वारा किया गया। श्री का पाद प्रक्षालन प्रभा जैन, सनत जैन , राजीव जैन, संदीप जैन, अमित जैन, आर के जैन ने वस्त्र भेट सौरभ सागर समिति ने किया।

# थाना साइबर पुलिस ने अभी तक पीड़ितों को दो करोड रुपये वापस दिलाये

संवाददाता

देहरादून। साइबर थाना पुलिस ने वर्ष 2021 से 2022 तक पीडितों को दो करोड 14 लाख रूपये वापस दिलाये तथा लोगों से अपील की है कि किसी के झांसे में ना आयें। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि हरिद्वार निवासी नसरीन व एक अन्य से साइबर ठगो ने बीटक्वीन के नाम से ढाई लाख रूपये की ठगी की थी जिन्होंने तत्काल साइबर थाने से सम्पर्क किया तो साइबर थाना पुलिस ने तवरित कार्यवाही करते हुए उनके रूपये उनको वापस दिला दिये। अजय सिंह ने बताया कि थाना साइबर पुलिस उत्तराखण्ड हैल्पलाईन नम्बर 1930 द्वारा साइबर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगातार सक्रिय रहकर निगरानी रखी जा रही है। जिसमें साइबर अपराध में विभिन्न माध्यमो से पीडितों को वर्ष 2021 में एक करोड 12 हजार 463 रूपये व वर्ष 2022 में एक करोड 16 लाख 60 हजार 755 रूपये व कुल दो करोड 16 लाख 73 हजार 218 की धनराशि को वापस कराया गया है। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि ऑनलाईन खरीदारी करते हुए अधिकृत वैबसाइड से ही सामान खरीदे तथा किसी भी लोभ लुभाने वाले गिफ्ट, लाटरी आदि के प्रलोभन में ना आयें।

## उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

पटनायक से धनखड़ को समर्थन देने की अपील की है।

उधर कांग्रेस उपराष्ट्रपति चुनाव में भी पिछड़ती दिख रही है। विपक्ष ने उत्तराखंड सहित चार राज्यों की राज्यपाल रह चुकी मार्गरेट अल्वा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जो कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। कल 19 जुलाई को उप राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन की आखिरी तारीख है कांग्रेस की तथा गांधी परिवार की करीबी रही मार्गरेट अल्वा के नाम की घोषणा कल शरद पवार द्वारा की गई थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मार्गरेट अल्वा 6 अगस्त 2009 से 14 मई 2012 तक उत्तराखंड की भी राज्यपाल रह चुकी हैं। एक महिला प्रत्याशी को उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव में उतार कर विपक्ष ने भी एक दांव खेलने की कोशिश की है वह कल अपना पर्चा भरेंगी।

## राष्ट्रपति चुनाव को हुआ मतदान...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

तथा काग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी भी 3 बजे तक अपना वोट डालने नहीं पहुंचे थे।

उत्तराखंड विधानसभा के कमरा नंबर 321 में समाचार लिखे जाने तक उनका इंतजार जारी था। उत्तराखंड में एक विधायक के वोट का मूल्य जनसंख्या के आधार पर 64 होता है। उधर लखनऊ में आज 10 बजकर 2 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले अपना वोट डाला। इस चुनाव में वोट डालने के लिए कुल 4800 विधायक व सांसद अधिकृत हैं। जिसमें द्रौपदी मुर्मू का पलड़ा भारी दिख रहा है। आज हो रहे चुनाव की मतगणना 21 जुलाई को होगी तथा 25 जुलाई को नए राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण होगा।

# परिवहन किराये वृद्धि के खिलाफ सीपीएम ने सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता

देहरादून। परिवहन किराया वृद्धि को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया।

आज यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्रित हुऐ तथा जलूस के शक्ल में राजपुर रोड़ पहुंचे तथा सरकार विरोधी नारों के बीच पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा है कि भाजपा एक तरफ पेट्रो ,डीजल मूल्यों मे भारी वृद्धि कर जनता को लूटखसोट कर रही है तो दूसरी तरफ परिवहन में भारी किराया वृद्धि कर जनता पर दोहरी मार कर रही है जो कि जनता के साथ अन्याय है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा है कि पिछली बार इसी भाजपा सरकार द्वारा कोरनाकाल में परिवहन किराये में भारी वृद्धि की गई थी पुन: एक बर्ष में ही भारी किराया वृद्धि की गई।



इस अवसर पर वक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि किराये वृद्धि वापस ना ली गयी तो पार्टी आन्दोलन के लिए विवश होगी। इस अवसर जिलासचिव राजेंद्र पुरोहित ,राज्य सचिव मण्डल इन्दुनौडियाल ,महानगर सचिव अनन्त आकाश ,सचिवमण्डल के लेखराज ,एस एफ आई प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेठा ,महामंत्री हिमान्शु चौहान , छात्र नेता शैलेंद्र परमार ,निवेदिता कुकरेती ,जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष नुरैशा अंसारी ,उपाध्यक्ष बिन्दा मिश्रा, कुसुम नौडियाल ,सीटू उपाध्यक्ष रामसिंह भण्डारी ,कोषाध्यक्ष रविन्द्र नौडियाल , एन एस पंवार विनोद कुमार ,नन्द लाल ,पटेल , मामचंद आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## मारपीट में चार नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनिक कालोनी केहरी गांव निवासी सतेन्द्र सिंह ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी श्रीमती स्नेह सिंह के साथ देहरादून से अपने घर कृष्णा फार्म सैनिक कालोनी केहरी गाँव प्रेमनगर जा रहा था। जैसे ही वह चकराता रोड से सैनिक कालोनी की ओर मुडा तो रास्ते में उसको रैनू बाला, संजय, मीनू, लक्ष्मी आदि ने गाडी को रोककर उसके तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की एवं गाली गलोच दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एटीएम से चोरी का प्रयास, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। एटीएम मशीन को तोडकर वहां से चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएनबी की निरंजनपुर शाखा के प्रबन्धक सुधीर रावत ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सुबह जब उसके द्वारा शाखा परिसर मे स्थित ए.टी.एम. का निरीक्षण किया गया तो पाया कि एटीएम के शटर के ताले टूटे हुए है तथा किन्ही अज्ञात व्यक्तियो द्वारा ए.टी.एम. मशीन मे काफी तोडफोड की गई मशीन के कई पार्टस गायब है व निकाल लिए गए है। जब एटीएम के सी.सी.टी.वी. कैमरे मे चैक किया गया तो यह पाया गया कि आज सुबह लगभग ढाई बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति ए.टी.एम के अन्दर घुसे व मशीन के साथ काफी तोड फोड कर रहे थे व मशीन के कुछ पार्टस भी निकाल लिए थे, इसके अतिरिक्त मशीन के कैश बाक्स से कैश चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पांच जुआरी गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार थाना पुलिस को सूचना मिली कि वैभव चौक के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से पांच लोगों को ताश के पत्तों व आठ हजार रूपये की नगदी के साथ पकड लिया।

# न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन में चोपड़ा ने किया दुकान का फीता काटकर शुभारम्भ

नगर संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में राज्य नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार नगर निगम हरिद्वार द्वारा विकसित किए गए प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन चंडी घाट मार्ग बेल वाला में लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा अपना नया कारोबार शुरू कर रहे मनोज मंडल की दुकान का फीता काटकर उद्घाटन शुभारंभ किया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के सभी लघु व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के सभी लघु व्यापारी राज्य सरकार के निर्देशन में नगर निगम द्वारा विकसित



किए गए बाजार को भारत स्वच्छता मिशन के तहत सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए नगर निगम द्वारा दिए गए आदेशों का अनुपालन समय-समय पर करते रहे और निर्विघ्न रुप से केंद्र राज्य सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के तहत अपना स्वरोजगार संचालित करते रहे।

न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन की नई दुकान के उद्घाटन के अवसर पर सम्मलित हुए लघु व्यापारियों में मोहनलाल, जय सिंह बिष्ट, सचिन राजपूत, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, श्याम कुमार, नईम सलमानी, सुमन गुप्ता, आशा देवी, सुनीता चौहान, मंजू पाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## एक नजर

# भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने को कई देश कर रहे हैं फंडिंग!

पटना । पटना के फुलवारी शरीफ से टेरर मॉड्यूल को लेकर एक नया खुलासा हुआ है। जांच में ये पता चला है कि तुर्की समेत कई मुस्लिम देशों से पीएफआई को फंड मिल रहा था। पटना फुलवारी शरीफ से टेरर मॉड्यूल को लेकर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जांच के दौरान पुलिस को अब ये पता चला है कि भारत को 2047 तक मुस्लिम राष्ट्र बनाने की साजिश में तुर्की समेत कई देश शामिल हैं। इतना ही नहीं, अपने मकसद को कामयाब बनाने के लिए



पीएफआई को लगातार फंड मुहैया कराया जाता रहा है। आरोप है कि पकड़े गए सभी संदिग्ध आतंकी उसी गजवा-ए-हिंद का हिस्सा हैं, जिसमें आतंकी संगठन ै खुरासान भी शामिल है। ये संगठन पाकिस्तान के तहरीके तालिबान संगठन से पैदा हुआ युवाओं का शस्त्र गुट है जिसका मकसद एक ऐसा विशाल इस्लामिक खुरासान देश बनाना है जिसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, उजबेकिस्तान से लेकर चीन और भारत का एक बहुत बड़ा इलाका शामिल है। कहा जा रहा है कि संदिग्ध आतंकी दानिश पाकिस्तान के एक संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान से भी उसका कनेक्शन है और पाकिस्तान में फैजान नाम के व्यक्ति से वो लगातार संपर्क में रहा है।

# भाजपा ने दुनिया की एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर यही की (जीएसटी) के दरों में बढ़ोतरी को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने दुनिया की एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। उन्होंने दही, लस्सी, पनीर और कई अन्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने से जुड़ा एक चार्ट साझा करते हुए ट्वीट किया,



उच्च दर वाला कर, कोई रोजगार नहीं। यह उच्च कोटि का उदाहरण है कि भाजपा ने कैसे दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक को नष्ट कर दिया। जीएसटी परिषद के फैसले लागू होने के बाद सोमवार से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं, जिन पर पांच प्रतिशत जीएसटी देना होगा। इस तरह 5,000 रुपये से अधिक किराये वाले अस्पताल के कमरों पर भी जीएसटी देना होगा। इसके अलावा 1,000 रुपये प्रतिदिन से कम किराये वाले होटल के कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गयी है ।

# अन्तर-आत्मा के आधर पर करें राष्ट्रपति चुनाव में वोट: मायावती

लखनऊ। देश के 15वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हो रहा है, राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बड़ा बयान दिया है। बसपा प्रमुख ने अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर ट्वीट कर कहा कि बसपा ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर तथा पार्टी व मूवमेन्ट की सोच के मुताबिक ही आदिवासी समाज की महिला



द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए सबसे पहले अपना समर्थन देने की घोषणा की। कमजोर वर्गों के अन्य लोगों से भी उन्हें आज अपनी अन्तर-आत्मा के आधार पर वोट देने की अपील। उल्लेखनीय है कि, राष्ट्रपति चुनाव के लिए उप्र विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने सबसे पहले वोट किया। उन्होंने प्रदेश के 80 फीसदी मत एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को दिलाने का वादा किया था। इसके अलावा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में वोट करने के लिए पहुंचे थे।

# पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने जाम लगाया



संवाददाता

देहरादून। तीन दिन से बच्चे के लापता होने पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना किये जाने से आक्रोशित परिजनों ने क्षेत्रवासियों के साथ सडक पर टायर जलाकर जाम लगा दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर एसपी सिटी भी पहुंच गयी। बच्चे के अपने मां के पास बिहार पहुंचने की सूचना मिलते ही लोगों ने जाम खोल दिया।

आज यहां गांधी ग्राम के सैकडों लोग लक्ष्मण चौकी पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। क्षेत्रवासियो का कहना था कि गांधी ग्राम निवासी विजय सिंह का 11 साल का बेटा क्रिश 15 जुलाई से गायब है तथा उसकी गुमशुदगी लक्ष्मण चौक चौकी में दर्ज करा दी थी। आज तीन दिन होने के बाद भी पुलिस ने अभी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया उल्टे पीडित परिवार को ही परेशान कर रहे हैं। विजय सिंह ने बताया कि उसका बेटा15 जुलाई को कहीं चला गया था तथा उसने उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका था और पुलिस के

## ❏बच्चा अपनी मां के पास बिहार पहुंचा

द्वारा भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिल रहा है। जिसके चलते उनको जाम लगाने को मजबूर होना पडा। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाल विद्याभूषण नेगी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन क्षेत्रीय लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद तृप्ति जाटव, क्षेत्रीय पार्षद मनोज जाटव भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस से बातचीत कर लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन उनका आरोप था कि पुलिस द्वारा बच्चे के पिता से अभद्रता की गयी है। जाम की सूचना मिलते ही एसपी सिटी सरिता डोभाल मौके पर पहुंची और लोगों से बातचीत की। अभद्रता की बात पर उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया। एसपी सिटी ने जाम लगा रहे लोगों को समझाया कि वह पुलिस को काम करने दें पुलिस गांधी ग्राम से लेकर रेलवे स्टेशन तक व आईएसबीटी तक लगे सारे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। बच्चे के बारे में जैसे ही कोई सूचना मिलेगी वह उनको उससे अवगत करा देंगे। इसी दौरान लक्ष्मण चौक चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि क्रिश अपनी मां के पास बिहार पहुंच गया है। बच्चे के पिता विजय सिंह ने भी लोगों के बीच पहुंचकर इस बात की पुष्टि कर दी कि बच्चा अपनी मां के पास सकुशल बिहार पहुंच गया है। जिसके बाद लोगों ने जाम खोल दिया। सम्पर्क करने पर लक्ष्मण चौक चौकी प्रभारी संजय रावत ने बताया कि बच्चे को बिहार से लाने के लिए एक टीम बिहार भेजी जा रही है तथा बच्चे के मिलने के बाद ही इस बात का पता चलेगा कि बच्चा स्वंय बिहार चला गया था या फिर उसको यहां से कोई लेकर गया था।

## किसान से 20 करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। किसान से 20 करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी और किसान के बीच लम्बे समय से भूमि विवाद चल रहा था। जिसके कब्जे से पुलिस ने रंगदारी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

बता दें कि 14 जुलाई को रुद्रपुर के शिमला पिस्तौर निवासी एक किसान से अज्ञात बदमाशों द्वारा फोन पर 20 करोड़ की रंगदारी मांगी गयी थी। जिसमें मुकदमा कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी थी। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा एक आरोपी परभ सिद्धू उर्फ प्रभजोत सिंह को खमरिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कब्जे से रंगदारी मामले में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। किसान से रंगदारी मागने के पीछे जमीनी विवाद सामने आया है।

पूछताछ में आरोपी परभ सिद्धू ने बताया कि उसके और फारूख अहमद के बीच बहेड़ी स्थित भूमि को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उसने फारूख को फोन पर डराने के लिए 20 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जमीन को लेकर पूर्व में विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी द्वारा फारूख से रंगदारी मांगी गई थी।

# सावन के पहले सोमवार में शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़े शिव भक्त



हमारे संवाददाता

देहरादून। 14 जुलाई से शुरू हुए, सावन माह के पहले सोमवार के दिन आज पूरे देश भर में शिवालयों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। कांवड़ यात्रा भी शुरू हो चुकी है। हर तरफ बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं।

वाराणसी, प्रयागराज और हरिद्वार समेत कई स्थानों पर शिवालयों पर आज भक्तों की भारी भीड़ है। बेलपत्र, दूध और जल लेकर भक्त लंबी कतारों में खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से लिए सबसे उत्तम समय होता है। जिसमें पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व होता है। क्योंकि सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। बता दें कि इस बार चार सावन सोमवार पड़ रहे हैं। दूसरा सावन सोमवार 25 जुलाई, तीसरा 1 अगस्त और चौथा 8 अगस्त को है। 12 अगस्त सावन का आखिरी दिन है।


**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*